Total No. of Printed Pages—6

**4 SEM TDC HND MIL (A) 1**

DIBRUGARH COLLEGE CENTRAL LIBRARY
ESTD 1963
DIBRUGARH

**2018**

( May )

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 401

**( व्यावहारिक हिन्दी )**

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates **eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***8***

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32/24

*Candidates **not eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***9***

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 40/30

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) पारिभाषिक शब्दावली के लिए अंग्रेजी में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(ख) 'वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग' का पहला अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया था?

(ग) क्या अनुवाद शब्द संस्कृत का यौगिक शब्द है?

(घ) हिन्दी में अनुवाद शब्द के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाले किसी एक शब्द का नाम लिखिए।

(ङ) 'वाद' में 'अनु' उपसर्ग जोड़ने से कौन-सा शब्द बनता है?

(च) जिस पत्र में जितनी (कृत्रिमता/स्वाभाविकता) होगी, वह उतना ही प्रभावकारी होगा।

(सही विकल्प चुनकर लिखिए)

(छ) व्यावसायिक पत्र औपचारिक पत्र है या अनौपचारिक पत्र?

(ज) संक्षेपण के कितने प्रकार होते हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×8=16

(क) अर्थ की दृष्टि से किसी भाषा की शब्दावली मुख्यतः कितने प्रकार की होती है? नामोल्लेख कीजिए।

(ख) पारिभाषिक शब्दावली की परिभाषा दीजिए।

(ग) भावानुवाद किसे कहते हैं?

(घ) अनुवाद की सबसे बड़ी दो समस्याएँ क्या हैं?





(ङ) कार्यालयी हिन्दी से आप क्या समझते हैं? संक्षेप में लिखिए।

(च) अनौपचारिक पत्र के अन्तर्गत आनेवाले दो प्रकार के पत्राचार का नामोल्लेख कीजिए।

(छ) शिकायती पत्र को परिभाषित कीजिए।

(ज) 'संक्षेपण' प्रायः किन दो शैलियों में लिखा जाता है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) 'वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग' विषय पर संक्षेप में लिखिए।

(ख) अनुवाद की विशेषताओं को लिखिए।

(ग) "पत्रलेखन एक कला है।" स्पष्ट कीजिए।

(घ) संक्षेपक में अपेक्षित किन्हीं चार प्रमुख गुणों को लिखिए।

**4.** पारिभाषिक शब्दावली की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 11

**अथवा**

अनुवाद की परिभाषा देते हुए इसकी प्रयोजनीयता पर प्रकाश डालिए।

**5.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पारिभाषिक शब्दों को अंग्रेजी में रूपान्तरित कीजिए : 1×4=4

कनिष्ठ ; सचिव ; पर्यवेक्षक ; विज्ञापन ; सलाहकार ; आबंटन।

(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं **चार** को हिन्दी में रूपान्तरित कीजिए : 1×4=4

Annual ; Ballot ; Census ; Health officer ; Incharge ; Wages.

6. निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 8

A proper consideration of the value of time will inspire habits of punctuality. Punctuality is the politeness of kings, the duty of gentlemen and the necessity of businessmen. Nothing begets confidence in a man sooner than the practice of this virtue, and nothing shakes confidence sooner than the want of it. He who holds his appointment and does not keep you waiting for him shows that he has regards for your time as well as his own. Thus punctuality is one of the ways by which we show our personal respect for those whom we are called upon to meet in the business of life.

**अथवा**

No matter how much wealth or fame we acquire, we are bound to end up in pitiful and unhappy circumstances if we are still obessed with past angers and hatreds in our final years. Life's true victors are those who succeed in elevating their life-state to the point where they can embrace all people with





compassion and love. In mountain climbing, when one reaches the summit, one is filled with joy and satisfaction, and the hardship of the strenuous climb is forgotten.

7. अपने शहर के पौरसभा अधिकारी को एक पत्र लिखिए, जिसमें बढ़ती हुई गंदगी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सफाई न करने की शिकायत की गई हो। 7

8. हमारे देश के लोगों के चरित्र पर प्राकृतिक परिस्थितियों की गहरी छाप है। हमारे देश के लोगों की प्रकृति में एक प्रकार की सौम्यता और उदारता है जिसकी प्रशंसा प्राचीनकाल से लेकर विदेशी यात्री सदा करते चले आए हैं। हमारे स्वभाव में स्वाभाविक साहस, वीरता तथा धीरता आदि गुण हैं। हमारे इतिहास में, विरले ही ऐसे उदाहरण मिलेंगे, जब हमारे देश के वीर सैनिकों ने उद्दंड वृत्ति धारण करके विदेशियों पर आक्रमण किया हो और उन्हें पराजित तथा पददलित करके अपनी साम्राज्य-लिप्सा और धन- लोलुपता का परिचय दिया हो। कवि कालिदास ने हमारे राष्ट्रीय चरित्र का परिचय 'अधृष्य और अधिगम्य' इन दो शब्दों द्वारा कराया है। देश-देशांतर से विदेशी लोग हमारे देश में आकर अपने धार्मिक विचारों तथा सामाजिक प्रथाओं के विषय में पूर्ण स्वतंत्रता का उपयोग करते हुए सम्मान और प्रतिष्ठा से निवास कर सकते थे, परंतु यदि कोई हमारे राष्ट्रीय सम्मान और प्रतिष्ठा की अवहेलना करके हमें पददलित करने का यत्न करता था तो हमारे वीर नागरिक दृढ़ता के साथ उसका प्रतिरोध करते थे और राष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सब कुछ होम करने को उद्यत थे।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए। 5

**( In lieu of Internal Assessment )**

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) अनुवाद की रचना-प्रक्रिया पर विचार करते हुए इसकी विशिष्टताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) पारिभाषिक शब्दावली के विकासक्रम को लिखिए।

(ग) "एक अच्छा पत्र-लेखन हृदय के कपाट को खोलता है।" स्पष्ट कीजिए।

★★★